Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

□ वर्ष- 27 □ अंक- 331 □ रायपुर, बुधवार 25 दिसम्बर 2024 □ पृष्ठ-8 □ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • बिलासपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

# मेडिकल टूरिज्म क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मिलेगी पहचान : साय

## नवा रायपुर में 200 एकड़ जमीन पर विकसित होगी मेडिसिटी



**रायपुर,** 25 दिसंबर (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय छत्तीसगढ़ में स्वास्थ्य सुविधाओं के विकास को लेकर दृढ़संकल्पित हैं. मुख्यमंत्री साय का प्रयास है कि नवा रायपुर अटल नगर में प्रदेश वासियों को एक ही स्थान पर उत्कृष्ट स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हों. इसी कड़ी में नवा रायपुर अटल नगर को स्वास्थ्य सुविधाओं के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के लिए लगातार कार्य किए जा रहे हैं. इन्हीं में से एक प्रोजेक्ट है नवा रायपुर में अंतर्राष्ट्रीय स्तर की मेडिसिटी की स्थापना करना. इसके लिए वित्त मंत्री ओपी चौधरी के मार्गदर्शन में नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण ने अपनी तरफ से प्रयास करना शुरू कर दिया है. बता दें, यह आधुनिकतम मेडिसिटी लगभग 200 एकड़ में विकसित की जाएगी. इसके लिए प्राधिकरण द्वारा नवा रायपुर के सेक्टर 37 में भूमि का चिन्हांकन किया गया है. इस प्रोजेक्ट में निजी निवेश की सहायता से लगभग 5,000 बिस्तर क्षमता की स्वास्थ्य सुविधाओं का विकास किया जाना प्रस्तावित है.

राज्य शासन द्वारा इस परिकल्पित मेडिसिटी प्रोजेक्ट को भविष्य में प्रधानमंत्री मेडिसिटी योजना से जोड़े जाने की योजना प्रस्तावित है. मेडिसिटी की स्थापना के लिए हाल ही में केंद्र सरकार के उपक्रम इंफ्रांटेक सर्विसेस लिमिटेड के साथ नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण ने प्रारंभिक समन्वय बैठक की है. बैठक में मेडिसिटी परियोजना को साकार किये जाने हेतु महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा की गई है. यह सर्व सुविधायुक्त मेडिसिटी न केवल छत्तीसगढ़ बल्कि निकटवर्ती राज्यों के नागरिकों को भी स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करेगी. उक्त मेडिसिटी में कई अग्रणी मल्टीस्पेसिलिटी अस्पताल, मेडिकल कालेज, छात्रावास, डायग्नोस्टिक्स सेंटर, धर्मशाला, होटल तथा वाणिज्यिक एकीकृत विकास करना प्रस्तावित है. इसके लिए स्वामी विवेकानंद एयरपोर्ट से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के संचालन हेतु भी राज्य सरकार द्वारा प्रयास किये जा रहे हैं. नवा रायपुर अटल नगर में एयरपोर्ट के निकट इस मेडिसिटी के विकास से छत्तीसगढ़ को अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर मेडिकल टूरिज्म के क्षेत्र में नई पहचान मिलेगी.

# छत्तीसगढ़वासियों की भावनाओं का सम्मान करने वाले महान राजनेता थे अटल



**मुख्यमंत्री ने पूर्व प्रधानमंत्री अटल की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर स्मरण किया**

**रायपुर,** 25 दिसंबर (हाईवे चैनल)। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर के अवंति विहार चौक पहुंचकर पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की जयंती सुशासन दिवस के अवसर पर उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पुण्य स्मरण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि अटल छत्तीसगढ़वासियों की भावनाओं का सम्मान करने वाले महान राजनेता थे। अटल का नेतृत्व, दूरदृष्टि और जनसेवा के प्रति उनकी प्रतिबद्धता हम सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उनकी नीतियों और विचारों ने भारत को एक नई दिशा दी। उन्होंने कहा कि श्रद्धेय अटल के सपनों को साकार करते हुए ही छत्तीसगढ़ तेजी से विकास की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री ने अटल के जन्मशती के इस विशेष अवसर पर कहा कि अटल के मूल्यों को आत्मसात कर हम सभी राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। इस अवसर पर स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, विधायक सुनील सोनी, विधायक मोतीलाल साहू, विधायक राजेश मूणत सहित अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

# कारोबारी से सवा 2 करोड़ की ठगी



**रायपुर,** 25 दिसंबर (हाईवे चैनल)। टेलीग्राम एप में लड़की के झांसे में आकर एक कारोबारी ने सवा 2 करोड़ रुपए गंवा दिए। पहले युवक को लड़की ने ट्रेडिंग एप के बारे में बताया। फिर उसमें पैसे इनवेस्ट कर उससे ज्यादा मुनाफा कमाने का झांसा दिया। पहले तो युवक को कुछ फायदा भी हुआ। बाद में जब उसे पैसे नहीं मिले तब उसने ठगी का एहसास हुआ। फिलहाल मोवा पंडरी पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर लिया है। जांच जारी है। कारोबारी प्रार्थी जितेन्द्र सोमानी ने पुलिस को बताया कि इसी साल जनवरी में टेलीग्राम एप में उसकी एक अंजली नाम की लड़की से बात हुई। उसने कारोबारी को ऑनलाइन ट्रेडिंग एप के बारे में बताया। लड़की ने उसे फ्यूचर फॉर्च्यून ग्लोबल लिमिटेड नामक टेलीग्राम ग्रुप में भी जोड़ा।

शुरुआत में बतौर इनवेस्टमेंट उससे 50 हजार रुपए जमा कराए गए। साथ ही उसमें और पैसे लगाकर भारी मुनाफा कमाने का भी झांसा दिया। इसके लिए उसने कारोबारी को फर्जी स्क्रीनशॉट्स भी भेजे, जिसमें कुछ लोग अपना फायदा बता रहे थे। कारोबारी ने कुछ पैसे डालकर बंद कर दिया। फिर उसे दूसरी, मोनिका नाम की लड़की ने मैजेस भेजा और उसी आईडी में इनवेस्ट करने के लिए कहा। तो कारोबारी को लगा कि यह जेनविन आईडी है। झांसे में आकर कारोबारी ने करीब 17 किस्तों में 2 करोड़ 19 लाख 81 हजार रुपए ठगों के खाते में जमा कर दिया। इस दौरान उसका मुनाफा ठगों की फर्जी आईडी में उसे दिखता रहा। इसके बाद ठगों ने मार्केट खराब है कहते हुए ट्रेडिंग एप बंद कर दिया। जब कारोबारी ने पैसा वापस निकालने की बात की तो ठगों ने कहा कि अपने लाभ का 30 फीसदी पहले टैक्स के रूप में देना होगा। तब कारोबारी को ठगी का एहसास हुआ। फिलहाल कारोबारी ने की शिकायत के आधार पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### केजरीवाल इतना नीचे गिर गए हैं कि वो दिल्ली की जनता को धोखा दे रहे : मनोज तिवारी




**नई दिल्ली,** 25 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। दिल्ली सरकार के महिला एवं बाल विकास विभाग ने बुधवार सुबह अपनी सार्वजनिक अधिसूचना के साथ राजनीतिक तूफान खड़ा कर दिया, जिसमें कहा गया कि मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना के नाम पर आवेदकों से जानकारी एकत्र करने वाला कोई भी राजनीतिक दल धोखाधड़ी कर रहा है और उसके पास कोई अधिकार नहीं है। सार्वजनिक अधिसूचना आप के मंत्रियों, विधायकों और स्वयंसेवकों द्वारा योजना के लिए लोगों को पंजीकृत करने के लिए एक व्यापक आउटरीच अभियान शुरू करने के एक दिन बाद आई। इसके बाद से पूरे मामले को लेकर सियासत तेज हो गई। भाजपा अरविंद केजरीवाल पर निशाना साध रही है। भाजपा सांसद मनोज तिवारी ने कहा कि आज दिल्ली की जनता इस खबर से हैरान है कि दिल्ली सरकार का विभाग विज्ञापन जारी कर रहा है कि ये धोखाधड़ी है और दिल्ली की जनता इससे सावधान रहे। ऐसा कोई प्रस्ताव नहीं है और ऐसी कोई योजना नहीं है।

### एनडीए में सब कुछ ठीक, नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ेंगे बिहार चुनाव : राजीव रंजन

**नई दिल्ली**, 25 दिसम्बर (न्यूज चैनल)। केंद्रीय मंत्री और जदयू नेता राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने मंगलवार को कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) 2025 का बिहार विधानसभा चुनाव मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के नेतृत्व में लड़ेगा। रंजन सिंह ने बताया कि 2025 के बिहार विधानसभा चुनाव में एनडीए नीतीश कुमार के नेतृत्व में चुनाव लड़ेगा। बिहार में लोकसभा चुनाव में सत्तारूढ़ एनडीए ने अच्छा प्रदर्शन किया. बिहार में एनडीए में बीजेपी के अलावा जेडी-यू, एलजेपी (रामविलास) और हिंदुस्तान अवाम मोर्चा (सेक्युलर) शामिल हैं।

2024 के लोकसभा चुनाव से कुछ महीने पहले नीतीश कुमार ने महागठबंधन सरकार गिरा दी और फिर से बीजेपी के साथ सरकार बना ली। राज्य में बीजेपी एनडीए में सीनियर पार्टनर है। राज्य विधानसभा में जहां भाजपा के 84 विधायक हैं, वहीं जदयू के 48 विधायक हैं।

# हाईकोर्ट ने युवती को गर्भपात कराने की दी अनुमति



**रायपुर,** 25 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में रेप पीड़ित प्रेग्नेंट युवती के लिए शीतकालीन अवकाश के दौरान हाईकोर्ट ने विशेष कोर्ट का गठन कर मामले की सुनवाई की। जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बिलासपुर कलेक्टर को मेडिकल बोर्ड गठित कर विशेषज्ञ डॉक्टरों से उसका मेडिकल कराने और 26 दिसंबर तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। दरअसल, दुष्कर्म की शिकार युवती प्रेग्नेंट हो गई है। वह समाज में बिन ब्याही मां बनने के दर्द से छुटकारा पाना चाह रही है। बताया जा रहा है कि युवती ने इसके लिए डॉक्टरों से भी राय ली। लेकिन, उन्होंने मेडिको लीगल केस बताकर अबॉर्शन करने से इंकार कर दिया।

इससे परेशान होकर उसने हाईकोर्ट की शरण ली है। 23 दिसंबर को युवती ने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर अबॉर्शन कराने की अनुमति मांगी है। इसमें बताया कि वो 21-22 सप्ताह के गर्भ को नहीं रखना चाह रही है। हाईकोर्ट में युवती ने स्वयं गर्भपात के लिए सहमति दी है और चिकित्सीय गर्भपात की अनुमति के लिए शपथ-पत्र भी प्रस्तुत किया है।

इस मामले में हाईकोर्ट ने गंभीरता दिखाई है। शीतकालीन अवकाश के दिन चीफ जस्टिस रमेश सिन्हा ने विशेष कोर्ट का गठन कर जस्टिस रविंद्र कुमार अग्रवाल को केस की सुनवाई करने कहा। जस्टिस अग्रवाल ने मामले की सुनवाई के दौरान 7 जून 2024 को जारी अधिसूचना के अनुसार याचिकाकर्ता की मेडिकल जांच के लिए कलेक्टर को मेडिकल बोर्ड का गठन करने का आदेश दिया। मेडिकल बोर्ड को 26 दिसंबर तक रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया गया है। हाईकोर्ट ने युवती को मेडिकल बोर्ड के समक्ष उपस्थित होने का निर्देश दिया है। मेडिकल बोर्ड में एक स्त्री रोग विशेषज्ञ, एक बाल रोग विशेषज्ञ, एक रेडियोलाजिस्ट/सोनोलाजिस्ट और अन्य आवश्यक विशेषज्ञ शामिल होंगे। जांच रिपोर्ट में यह स्पष्ट किया जाएगा कि युवती का अबॉर्शन हो सकता है या नहीं।

# रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़े गए पटवारी और कोटवार



**दुर्ग,** 2 दिसंबर (हाईवे चैनल)। एंटी करप्शन ब्यूरो एसीबी की टीम ने रिश्वतखोर पटवारी और कोटवार को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। दोनों ने ऋण पुस्तिका देने के नाम पर ९० हजार की रिश्वत मांगी थी। पहली किस्त २० हजार लेते एसीबी की टीम ने रंगे हाथ दोनों को पकड़ लिया। दोनों ही आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध धारा ७ पीसीए1ट १९८८ के प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार पीड़ित प्रकाश चन्द्र देवांगन, ग्राम रानीतराई, तहसील पाटन जिला-दुर्ग द्वारा एन्टी करप्शन ब्यूरो रायपुर में शिकायत की गई। शिकायत में बताया कि उनकी माता के नाम से ग्राम सुरपा, तहसील पाटन, जिला-दुर्ग में कृषि भूमि कय किया गया था। उक्त जमीन के प्रमाणीकरण कर ऋण पुस्तिका देने हेतु पटवारी चिन्मय अग्रवाल द्वारा ९० हजार रुपये रिश्वत की मांग की गई थी। प्रार्थी रिश्वत नहीं देना चाहता था बल्कि आरोपी को रिश्वत लेते रंगे हाथों पकड़वाना चाहता था। शिकायत सत्यापन दौरान मोलभाव कर ७०,००० रूपये में सहमति हुई। प्रार्थी २०,००० रू. की व्यवस्था कर पाया, जिसे २४ दिसम्बर को ट्रेप आयोजित कर प्रार्थी से आरोपी चिन्मय अग्रवाल, पटवारी सुरपा, तहसील पाटन एवं उसके सहयोगी कोटवार भूषण लाल टेमरी, तहसील पाटन को पहली किश्त २०,००० रिश्वत लेते रंगे हाथो पकड़ा गया।

# आरक्षक भर्ती परीक्षा में गड़बड़ी मामले में एक अभ्यर्थी गिरफ्तार



**राजनांदगांव,** 25 दिसंबर (हाईवे चैनल)। जिले में आयोजित पुलिस आरक्षक भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी को लेकर पुलिस द्वारा जांच कार्रवाई करते हुए लगातार गिरफ्तारियां की जारी है। बीते दिनों चार पुलिसकर्मी शाहिद दो लोगों को गिरफ्तार करने के बाद अब पुलिस ने एक महिला अभ्यर्थी को गिरफ्तार किया है।

राजनांदगांव शहर के लालबाग थाने में पुलिस के द्वारा ही आरक्षक भर्ती गड़बड़ी को लेकर एफआईआर दर्ज कराई गई थी, जिसके बाद अब पुलिस जांच कार्रवाई करते हुए इस मामले में संलिप्त लोगों को गिरफ्तारी कर रही है। मामले की जांच के दौरान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज, मोबाईल चैटिंग मेसेज एवं गवाहो के बयान पर से आरोपियो के खिलाफ पर्याप्त साक्ष्य पाये जाने पर पूर्व में 4 पुलिस कर्मी और दो भर्ती कंपनी के कर्मचारी गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा था। वहीं अब पुलिस ने अपनी जांच के दौरान अभ्यर्थी मीना पात्रे को गिरफ्तार किया है। इस मामले में एएसपी राहुल देव शर्मा ने बताया कि बीते 14 दिसम्बर की सुबह आरक्षक भर्ती प्रक्रिया के दौरान अपनी परिचीत पुलिस स्टॉफ को अनुचित तरीके से इवेंट में आर्थिक लुभावना देने वाली अभ्यर्थी मीना पात्रे के खिलाफ पर्याप्त सबूत पाए जाने से अभ्यर्थी कवर्धा के पंडरिया निवासी मीना पात्रे गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है।

# पत्नी ने खाना नहीं दिया तो पति ने बालकनी से नीचे फेंक दिया



**रायपुर,** 25 दिसंबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में पत्नी के मोबाइल देखने से नाराज हुए पति ने उसे दूसरी मंजिल की बालकनी से नीचे फेंक दिया। जानकारी के मुताबिक पति सुनील जनबंधु काम से घर लौटा था। इसके बाद उसने पत्नी से खाना मांगा, लेकिन पत्नी खाना देने की जगह मोबाइल देखने में व्यस्त थी।

इस पर पति को इतना गुस्सा आया कि वो पत्नी को दूसरी मंजिल की बालकनी में ले गया और वहां नीचे फेंक दिया। इसके बाद गंभीर हालत में पत्नी को रायपुर के डीकेएस अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। पुलिस ने पति के खिलाफ हत्या के प्रयास की धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। यह घटना गुढ़ियारी थाने के विकास नगर इलाके की बताई जा रही है। पति और पत्नी के बाद खाना न देने और मोबाइल फोन देखते रहने को लेकर विवाद हो गया था। इसके बाद पति उसे खींचते हुए बालकनी तक ले आया और ऊपर से धक्का दे दिया। पति के धक्का देने से नीचे गिरी पत्नी को गंभीर चोट आई है। इसके बाद आस-पास के लोगों ने घटना की सूचना पुलिस और एंबुलेंस को दी। महिला को डीकेएस अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका इलाज जारी है।

# आधी रात को मकान में लगी भीषण आग

**दुर्ग,** 2 दिसंबर (हाईवे चैनल)। दुर्ग जिले में बानबरद के एक मकान में भीषण आग लग गई। इससे ४० से ज्यादा मुर्गियां और लाखों रुपए कैश सहित घरेलू सामान जलकर खाक हो गया। मामला नंदिनी थाना क्षेत्र का है।

**40 से अधिक मुर्गियां और लाखों रुपए कैश जलकर खाक**

जिला अग्निशमन अधिकारी नागेंद्र कुमार सिंह ने बताया कि बानबरद गाव में स्थित राहुल निषाद के घर में आग लगने की सूचना मिली थी। सूचना मिलते ही अग्निशमन एवं आपदा प्रबंधन की टीम तत्काल रवाना किया गया। वहाँ पहुँचकर अग्निशमन कर्मियों ने जलते हुए घर में बड़ी सावधानी पूर्वक आग पर क़ाबू पाने में कई अग्निशमन गाड़ी पानी उपयोग किया गया। फायर मैन नागेश मार्कंडेय ने बड़ी बहादुरी से घर में घुस कर जलते हुए गैस सिलेंडर को बाहर निकाला ।घर पर ४० से अधिक मुर्गियां जल के राख हो गई और लाखों रुपए कैश भी जल गया । फिलहाल आग लगने का कारण अज्ञात माना जा रहा है ।इस दौरान अग्निशमन दल प्रभारी शरद मेश्राम, अग्निशमन कर्मी डीवहार सिंह, धर्मेंद्र बंजारे, उमाशंकर, नागेश्वर मारकंडे मौजूद थे।




**चूहा- सुनती हो, अरविंद केजरीवाल महिला सम्मान योजना के तहत 2100/- रुपए प्रतिमाह देने का वादा करके पंजीयन करा रहे हैं।**

**चुहिया- हां जी, लेकिन दिल्ली सरकार का विज्ञापन विभाग अखबार में इसे झूठ बताकर सूचना निकाली है कि दिल्ली की जनता इस फर्जी घोषणा से बचें।**

# एक ही रात में टूटे 7 दुकानों के ताले, लाखों की हुई चोरी



**सिहावा रोड पर स्थित दुकानों में चोरो ने बोला धावा, नाईट पेट्रोलिंग पर उठ रहे सवाल, जांच में जुटी पुलिस**

**धमतरी,** 25 दिसम्बर (हाईवे चैनल)। चोरो के हौसले बुलंद हो चुके है। चोरी की वारदात को लगातार अंजाम दे रहे है। बीती रात्रि भी चोरो ने एक साथ कई दुकानों में सेंधमारी कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया।

मिली जानकारी के अनुसार बीती रात्रि अज्ञात चोरो ने सिहावा रोड पर स्थित दुकानों में धावा बोला। एक के बाद एक कई दुकानों के ताले तोड़े और चोरी की वारदात को अंजाम दिया। बता दे कि क्रमबद्ध 7 दुकानों में चोरी की गई है. बताया जा रहा है कि इनमें से 3 दुकानों में नगदी रकम नहीं मिला। जबकि शेष 3 आफिस में नगदी मिली। माना जा रहा है कि लगभग 2 लाख के आसपास की चोरी हुई है। बताया जा रहा है कि इन्द्रेश देवांगन के उज्जवल ब्रोकर 1 लाख 20 हजार, रजत अग्रवाल के श्रीजी ट्रेडर्स से 50 हजार, व शरद चौबे के शरद कुमार नंदलाल चौबे एंड संस से 20 हजार चोरी की सूचना मिल रही है। वहीं शुभम त्रिपाठी के टीसीआई परिवहन, हरलाल साहू के विकास ट्रेडर्स, प्रकाश देवांगन के टीएस ट्रांसपोर्ट, मुकेश बख्शानी के रोहित ट्रेडर्स में भी ताला तोड़ा गया है, लेकिन नगदी रकम नही मिला। चोरी के पश्चात सूचना पर कोतवाली टीआई राजेश मरई मौके पर पहुंचे और जांच टीम आसपास व दुकानों में सीसीटीवी खोजा गया लेकिन चोरी हुई दुकानों में कैमरे ही नहीं लगे थे। इसके पश्चात पुलिस द्वारा उक्त मार्ग में स्थित कैमरो की फूटेज खंगालते रहे। सूत्रो के अनुसार कुछ कैमरो मे चोर की फूटेज आई है। जिसके आधार पर पुलिस जांच आगे बढ़ा रही है।

उक्त वारदात से एक बार फिर नाईट पेट्रोलिंग पर लोग सवाल उठा रहे है। लोगो का कहना है कि सिहावा मार्ग शहर का प्रमुख व व्यस्त मार्ग है। बाउजूद इसके एक ही रात में 7 दुकानों के ताले टूटने से स्पष्ट है कि चोरो में पुलिस का खौफ नहीं है। बता दे कि चोरी हुई दुकानों में कैमरे नहीं है। ऐसे में पुलिस द्वारा पुनः व्यापारियों से सुरक्षा के दृष्टिकोण से कैमरे लगाने की अपील की जा रही है।

"दुकानों में चोरी व ताला तोड़ने की वारदात हुई है पुलिस टीम जांच कर रही है। व्यापारियों से भी अपील है कि दुकानों में कैमरे अवश्यक लगाये। इससे अपराधों के नियंत्रण व अपराधियों के धरपकड़ में मदद मिलती है।"
**- मणीशंकर चन्द्रा, एएसपी जिला धमतरी**